# Ground Report 19

# महामारी के दौरान बदलती वास्तविकताओं के साथ समन्वय

वर्ष 2020 का अंत करीब आते आते कुछ ऐसी चीज़े हैं जिनके लिए हम दुआ करते हैं की काश ऐसा नहीं हुआ होता, लेकिन आम तौर पर हर साल ऐसा लगता है। परन्तु इस बार हम सब एक साझा संकट की स्थिति में हैं और उसके कई नकारात्मक प्रभावों के बीच एक सकारात्मक चीज़ यह हुई कि इसने हम सबको एक सामूहिक अनुभव दिया।

लॉकडाउन ने हमारा ध्यान पहले लोगो का जीवन सुनिश्चित करने और फिर उनका विकास और सलामती सुनिश्चित करने की ओर खीचां। इस बदलाव का साक्षी है 4.1 मिलियन किलोग्राम राशन का सामान जो हम सिर्फ सात महीनों में लोगो तक पहुंचा सके।

शहरों में लाखों लोगों को अपनी उम्मीद खोते देख और गांवों में वापस लौटने पर मजबूर होते देख हमने अपना ध्यान ग्रामीण आजीविका को सुनिश्चित करने पर केन्द्रित किया, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें गांवों में बने रहने के लिए प्रोत्साहित करके। यह हमारा अपनी पहल 'वापसी' पर जोर देने को स्पष्ट करता है, जिसे हम हमारी एक अन्य पहल "डिगनिटी फॉर वर्क" (Dignity for work) के साथ पूरा कर रहे हैं। कोविड के दौरान हमने देशभर में 4,000+ DFW गतिविधियां की और आगे भी लगातार कार्यरत हैं।

आपदाओं में अक्सर महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित होती हैं। इसलिये हमने महिलाओं को और मासिक धर्म को अपने राहत कार्य का केंद्र बनाने का निर्णय लिया, जिसके अंतर्गत 5,36,000+ कपड़े के पैड्स तैयार करने में उन्हें शामिल कर इन पैड्स को राहत किट का अनिवार्य हिस्सा बनाया गया।

हमने आपदा प्रतिक्रिया का बेहतर ढांचा तैयार करने पर भी ध्यान केंद्रित किया है, जिसमे गरीबी एक सतत आपदा के रूप में देखा जाता है और गैर आपदा समय में आपदा से बचाव के लिए प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाया जाता है। इसके अंतर्गत 'आपदाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया के लिए गूँज अलायन्स (GARRD)' कार्य करता है.

आने वाले समय में करने के लिए बहुत कुछ है; सर्दी, आपदाओं की भविष्यवाणियों और विश्वव्यापी आर्थिक गिरावट की वजह से।

अगर अपने देश के लिए कुछ करने का सही समय है तो यही है।

यदि हमारा कार्य आपको प्रभावित करता है तो हमारे साथ जुड़ें।

शुभकामनाएँ

अंशू गुप्ता

संस्थापक, गूँज

**पिछले 7 महीनों की प्रमुख गतिविधियाँ:**

- 26 राज्य / केंद्र शासित प्रदेश
- 4.1 मिलियन किलो से अधिक राशन और अन्य आवश्यक सामग्री
- 4,000+ ग्रामीण विकास परियोजनाएं

**कुल परिवारों तक पहुंच**

हमारे कार्य में परिवारों का अभिप्राय उन लोगों से है जो हमारे राहत कार्य तथा डिग्निटी फॉर वर्क (DFW) पहल के अंतर्गत पहुंचे हैं। इसके अंतर्गत आवश्यक वस्तुओं (सूखा राशन/किराने का सामान/स्वच्छता उत्पाद) आदि को किटों का हिस्सा बनाकर आपदा/गैर-आपदा क्षेत्र के अंतिम व्यक्तियों तक पहुँचाया जाता है।

**मई-94,000**

**जुलाई-1,95,000**

**अक्टूबर मध्य-2,75,000**

**राशन पहुँचाया गया**

राशन हमारी राहत किट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, विशेष रूप से आपदा समय में (जैसे वर्तमान में कोविड के दौरान) सूखा राशन लोगों को उनके घर के उपयोग के लिए और साथ ही कई सक्रिय सामुदायिक रसोइयों के लिए पहुँचाया गया।

**मई- 1.4 M**

**जुलाई- 3 M**

**अक्टूबर मध्य- 4.1 M**

**सहयोगी संस्थाओं के साथ भागीदारी**

य़ह हमारे कार्य के पीछे छिपी मौन शक्ति है। इस श्रेणी में औपचारिक व अनौपचारिक समूह, संस्थायें और सरकारी निकाय शामिल हैं जिनसे हमारी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए भागीदारी स्थापित की गई।

**मई-381**

**जुलाई-543**

**सितंबर-603**

**<u>डिग्निटी फॉर वर्क (Dignity for work) गतिविधियों की कुल संख्या</u>**

गूँज की मूल विचारधारा एवं पहल 'डिग्निटी फॉर वर्क' (DFW) हमारी अन्य पहल 'वापसी' के साथ समन्वित है जो कि देशभर में आजीविका केंद्रित परियोजनाओं के क्रियान्वन में कार्यरत हैं। जिसमें मुख्यतः ग्रामीण भारत के लोगो को सशक्त व प्रेरित किया जाता है एवं उनकी हिम्मत बंधाई जाती है अपने समुदाय की समस्याओं की पहचान कर अपने पास मौजूद प्राकृतिक संसाधनों की सहायता से उन समस्याओं का समाधान करने के लिए। वे सामूहिक रूप से इन समाधानों पर कार्य करते हैं और उनके प्रयासों के लिए पुरस्कार के रूप में राहत सामग्री किट प्राप्त करते हैं, जिससे स्वतः ही दान को गरिमा के साथ बदल दिया जाता है।

**मई-250**

**जुलाई-1800**

**अक्टूबर मध्य-4000**

### सब्जियों का वितरण (किलोग्राम में)

उत्पादकों का निर्वाह सुनिश्चित करने और उपयोगकर्ताओं की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हम किसानों से उनके उनके लिए अच्छी दर सुनिश्चित करते हुए सीधे सब्जियां / फल खरीदते हैं. और उन्हें हमारी राहत किट में शामिल करते हैं जिन्हें स्थानीय लोगों तक पहुंचाया जाता है।

हम स्थानीय बाजारों तथा डीएफडब्लू/वापसी परियोजनाओं के अंतर्गत बने अनेक सब्जी बागानों से भी सब्ज़ी खरीदते हैं।

**मई - 80,000**

**जुलाई-1,63,000**

**अक्टूबर मध्य-2,00,000**

## <u>कार्य क्षेत्र से जानकारी:</u>

### तत्काल राहत सहायता

- 41,00,000 + किलोग्राम राशन और अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाई गयी
- 2,78,000+ परिवारों तक पहुंच
- 2,00,000+ तैयार भोजन चैनलाइज़ किया गया

**भागीदारी**

- 26 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशो में 603 से अधिक सहभागी संस्थाओ के साथ काम।
- उद्योग जगत, संगठनों, तथा व्यक्तियों के साथ व्यापक स्तर पर काम।

**स्वास्थ्य रक्षा संबंधित पहल**

- 5,90,000+ फेस मास्क
- 5,35,000+ क्लॉथ सैनिटरी पैड
- 42,000+ अंडरगारमेंट्स
- 15,80,000+ अन्य आवश्यक वस्तुएं

**कुल डिग्निटी फॉर वर्क (DFW) परियोजनाएं 1,800+**

- 1200+ सब्जी बागान लगाए गए
- जल संसाधन का कुल क्षेत्र जिसे साफ / मरम्मत / बनाया गया
  - तालाब क्षेत्र 2,75,000+ वर्ग मी
  - बैक वाटर 58,000+ वर्ग मी
  - नहर 1,26,000+ वर्ग मी

- **अब तक समर्थित 26 सामुदायिक रसोइयों के माध्यम से 2,00,000+ भोजन**
- **किसानो से सीधे तौर पर 2,00,000 किलो से अधिक फल और सब्जिया खरीदी गयी।**

**<u>हमारा साथ दें:</u>**

- सामग्री सहयोग रूप में - https://bit.ly/2yR000h
- राशि सहयोग के लिये- goonj.org/donate
- गूँज के लिए फण्ड रेजिंग कैंपेन शुरू करने के लिए हमे jibin@goonj.org पर मेल करे।

## पिछली डिग्निटी डायरी:

- अक्टूबर 1: सामग्री पथ पर: गूंज प्रसंस्करण इकाइयों (प्रोसेसिंग यूनिट) में
- अक्टूबर 16-: गूँज प्रसंस्करण इकाई (प्रोसेसिंग यूनिट) के भीतर: राहत किट - "उम्मीदों का बैग" - तैयार करना

इन रिपोर्ट्स को पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें: http://bit.ly/2K1JH3e

## योगदान के तीन अच्छे सुझाव:

- देश के कई हिस्सों में बाढ़ और चल रही महामारी ने बहुतों के लिए जीवन असंभव बना दिया है। 'ओढ़ा दो ज़िन्दगी' (Odha Do Zindagi - ODZ) के साथ, आइये यह सुनिश्चित करें कि आने वाली सर्दियां उन लोगों के लिए एक और आपदा में ना बदल जाए जिनके पास कमी है। अपने ऊनी साझा करें, संग्रह शिविर आयोजित करें, और उनका साथ दें। https://goonj.org/
- घर पर एक गूंज की गुल्लक शुरू करें। चाहे आप किसी भी मुकाम पर हों... लोगो की ज़िन्दगी में योगदान देने को एक आदत के रूप में गले लगाने का सबसे सरल तरीका है ..http://goonj.org/goonj-ki-gullak/
- गूंज के साथ संग्रह शिविर करने के लिए साइन अप करें- अपनी कॉलोनी में रीसाइक्लिंग और पुनरुपयोग के चैंपियन बनें...अपनी अतिरिक्त और उपयोग में न आने वाली सामग्री को जुटाने के लिए लोगों को एकजुट और प्रेरित करें। https://goonj.org/collection-camps/

## संपर्क करे :

मुख्यालय : J-93, सरिता विहार, नई दिल्ली - 76

011-26972351/41401216